हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 17 नवंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

### सांसद विजय व विधायक दीपेश ने किया लोकार्पण

# खर्रा के ग्रामीणों को मिली 28 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खर्रा में शनिवार को दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने लाखों रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने की। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गानों पर शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों की शानदार प्रस्तुति से प्रसन्न सांसद विजय बघेल एवं विधायक दीपेश साहू ने सम्मान राशि भेंटकर बच्चों का उत्सावर्धन किया।



कार्यक्रम में 28 लाख 20 हजार के राशि के विकासकार्यों का लोकार्पण किया गया। उनमें जिसमे 5 लाख के लागत से बने सार्वजनिक भवन में उपरी तल निर्माण, 3 लाख 50 हजार रूपये से रंग मंच निर्माण, 4 लाख 40 हजार के लागत से महिला स्व सहायता समूह वर्किंग सेड का निर्माण, 2 लाख 50 हजार के लागत से कबीर कुटी के पास रंग मंच निर्माण, 4 लाख 40 हजार के लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण, 2 लाख के लागत से बड़े बगीचा नाला से गिरधारी लाल के खेत की ओर पहुचे मार्ग मुर्मिकरण, 2 लाख रूपये की लागत से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में बोर खनन,पंप, वाटर कूलर सह पानी टंकी का निर्माण शामिल हैं। वहीं, 1 लाख रूपये धनराज साहू के घर से महरूबन तालाब की ओर नाली निर्माण, 3 लाख 40 हजार के लागत से केकती निर्मलकर के घर से बरातू साहू के घर की ओर सीसी रोड निर्माण के विकाश कार्यों का लोकार्पण किया। वहीं कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन बहनों का श्री फल एवं शाल भेटकर मंचस्थ अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रीतम चंदेल जनपद अध्याय, नरेंद्र वर्मा, पुष्पा टंकेश साहू जनपद सभापति,यामिनी सुरेश वैष्णव उपाध्यक्ष, बलराम पटेल मण्डल अध्यक्ष,अमृत महेश्वरी सहित मितानिन और आंगनबाड़ी की बहनों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है : दीपेश

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भी इन सभी विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं एवं अपने वादों को जिस प्रकार भाजपा सरकार ने निभाया है। प्रदेश के युवा,महिला,किसान तथा अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है, उससे हमें पूर्ण विश्वास है कि नगरीय निकाय व जिला पंचायत चुनावों में भाजपा प्रचंड विजय हासिल करेगी। जनता के मन में भी इसके प्रति विश्वास अभी से देखा जा रहा है, कि भाजपा जो कहती है वह करती है। आज हमारी विष्णु की सुशासन वाली सरकार महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस का भुगतान, 3100 रुपए में धान खरीदी, युवाओं के लिए रोजगार तथा शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 46 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करके मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हर व्यक्ति एवं वर्ग की आकाँक्षाओं को पूरा करने का काम किया है।

## मुख्यमंत्री 19 को पहुंचेंगे झालम, कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के झालम में 19 नवंबर आगमन होने की संभावना है। उक्त प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अधिकारियों को कार्यक्रम के



सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने गौ-अभयारण्य कार्यक्रम के लिए नामित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से पालन करें और सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने संबंधित विभागों को ⏭ शेष पेज 11 पर






## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन दुर्ग संभाग के महासचिव बने विजय



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के विजय कुमार जैन मित्तल को दुर्ग संभाग का महासचिव नियुक्त किया गया है। बालोद जिले के ब्यूरो चीफ रहते हुए विजय मित्तल ने पत्रकारिता में अपनी क्षमता का परिचय दिया है, जिसके कारण उन्हें यह उच्च पद और अन्य क्षेत्रों का प्रभार सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन दुर्ग संभाग के अध्यक्ष गोपी वर्मा ने 13 नवंबर को चार पदों पर नियुक्ति की। जिसमें दुर्ग संभाग के महासचिव पद की जिम्मेदारी बालोद जिले के पत्रकार विजय कुमार जैन मित्तल को सौंपी गई है। इसके अलावा उन्हें बालोद, मानपुर, मोहला अंबागढ़ चौकी का प्रभारी भी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन दुर्ग संभाग अध्यक्ष गोपी वर्मा, उपाध्यक्ष हेमंत पाल, सचिव उमेश कोठले, महासचिव विजय जैन मित्तल और कोषाध्यक्ष लोकेश नाग हैं।

### कुंदरूपारा में पानी टंकी का निर्माण जारी



**बालोद।** शहर के कुंदरूपारा में स्कूल के पास पानी टंकी का निर्माण कार्य जारी है। दो माह के भीतर यानि जनवरी माह के अंतिम दिनों तक पानी टंकी का निर्माण पूर्ण हो जाने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि दीपावली पर्व की वजह से कार्य करीब 15 दिनों तक बंद था और अब फिर से शुरू हुआ है, बिना किसी विघ्न के काम निरंतर जारी रहेगा तो बहुत जल्द पानी टंकी बनकर तैयार हो जाएगी। बता दें कि करीब 1 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है।

### शहर जिला साहू संघ का परिचय सम्मेलन 24 को

**रायपुर।** शहर जिला साहू संघ ने आगामी 24 नवंबर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू होंगे। संघ के अध्यक्ष केशवराम साहू ने बताया कि विगत 34 वर्षों से जिला साहू संघ द्वारा यह आयोजन किया जाता रहा है। संगठन सचिव एवं मीडिया प्रभारी अश्वनी साहू ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि परिचय सम्मेलन की शुरुआत सबसे पहले साहू समाज ने ही की थी।

### नुआखाई पर अवकाश सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** भाजपा जवाहर नगर मंडल के उपाध्यक्ष संतोष निहाल ने राज्य शासन द्वारा नुआखाई पर्व पर अवकाश देने की घोषणा को लेकर आभार जताया है। विज्ञप्ति के माध्यम से श्री निहाल ने कहा है कि उत्कल समाज द्वारा ऋषि पंचमी पर नुआखाई पर्व मनाया जाता है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अवकाश घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधायक पुरंदर मिश्रा का जवाहर नगर मंडल के सदस्यों ने आभार जताया है।

### बेटी बचाओ मंच ने मनाया आंवला नवमी पर्व

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच महादेवघाट परिक्षेत्र का आंवला पूजन शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। मंच के पदाधिकारियों ने अक्षत, रोली, धूप, दीप के साथ पूजन कर मौली धागा से आठ परिक्रमा की। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने इस दिन आंवला पेड़ के महत्व व धार्मिक मान्यता को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा इस दिन आंवला पेड़ पर ब्रह्मा, विष्णु, महेश विराजते हैं तथा माता लक्ष्मी उनकी पूजा करती हैं। कार्यक्रम में रत्ना शर्मा, सुधा शर्मा, शिखा शर्मा, शारदा मिश्रा, इमला ठाकरे, मनीषा मिश्रा, वैजयंती चतुर्वेदी, सरला इंगले, खिलेश्वरी जायसवाल, विनीता शर्मा, शिवम शर्मा सहित पदाधिकारी शामिल थे।

# तीन दिन की बीमारी का दस दिन तक असर, कफ कोल्ड की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

ठंड के मौसम में असर दिखाने वाला कफ कोल्ड सामान्यतः दवा लेने पर तीन दिन में ठीक हो जाता है। इस बार मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह से सर्दी-खांसी की परेशानी दस दिन तक अपना असर दिखा रही है। कई मरीजों की समस्या लक्षण आधारित दवा से ठीक नहीं होने पर उन्हें एंटीबायोटिक के साथ स्टेरॉयड भी देना पड़ रहा है। मौसमी वायरस समय के साथ अपना स्वरूप बदलता है। इस बार ज्यादा दिनों तक इसका असर रहने की वजह से रूप में बदलाव की संभावना से चिकित्सक भी इनकार नहीं कर रहे हैं।

### उतार-चढ़ाव तक ज्यादा प्रभाव

*डाक्टरों के मुताबिक अभी मौसम में उतार-चढ़ाव है, जिसका मानव स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल रहा है। आने वाले दिनों में जब ठंड का असर स्थायी हो जाएगा, तब मौसमी बीमारी का प्रभाव कम होगा। हर मौसम में होने वाले बदलाव के दौरान बीमारी की शिकायत बढ़ती है और कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले इसका शिकार हो जाते हैं। दवा की खुराक के माध्यम से शारीरिक समस्या को नियंत्रित किया जाता है।*

### ठीक नहीं हो रही मौसमी बीमारी तो देना पड़ रहा स्टेरॉयड



#### त्योहार के बाद से असर ज्यादा

चिकित्सकों के अनुसार मौसमी बीमारी की समस्या अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े के बाद से अपना असर दिखा रही है। दिवाली के दौरान भारी संख्या में पटाखा फूटने के बाद धुआं और प्रदूषण की वजह से यह समस्या ज्यादा असर दिखा रही है। मौसमी बीमारी के साथ दमा सहित फेफड़े की समस्या से पीड़ित मरीजों पर भी इसका दुष्प्रभाव अधिक नजर आ रहा है।

#### असर ज्यादा दिनों तक

सर्दी-खांसी से पीड़ित मरीज अभी ज्यादा प्रभावित दिख रहे हैं। सामान्यतः उन्हें पांच दिनों की खुराक दी जाती है, मगर अभी तीन दिन की अतिरिक्त खुराक देनी पड़ रही है। कफ कोल्ड के साथ गले में इन्फेक्शन की समस्या भी आ रही है।

- डॉ. विनय वर्मा, एमडी चिकित्सक

#### बच्चों में भी समस्या

मौसमी बीमारी का असर छोटे बच्चों पर ही हो रहा है। नाक बहने के साथ उन्हें खांसी भी हो रही है। मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीज रोजाना आ रहे हैं।

- डॉ. निलय मोझरकर, शिशुरोग विशेषज्ञ

कफ-कोल्ड की समस्या पिछले पंद्रह दिन से अपना असर दिखा रही है। आमतौर पर सर्दी-खांसी की समस्या तीन से चार दिन में दवा लेने पर ठीक हो जाती है, मगर इस बार दवा की खुराक दस दिन तक लेनी पड़ रही है। इतना ही नहीं, जिन मरीजों को सामान्य दवा के साथ एंटी बायोटिक भी असर नहीं दिखा पा रहा है, उन्हें इलाज के लिए स्टेरॉयड तक देना पड़ रहा है। डाक्टरों का कहना है कि बड़े अस्पतालों में इसकी संख्या कम है, मगर स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिक में काफी संख्या में मरीज इस मौसमी बीमारी के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। समस्या खांसी और कफ के साथ गले में इन्फेक्श की भी है, जिसके कारण घरघराहट अथवा दर्द तथा खुजलाहट जैसी समस्या हो रही है।

## शासकीय विद्यालय कुम्हली में बैगलेस डे पर दिखी संस्कृति व संस्कार की झलक

# विद्यार्थियों ने विद्यालय में मनाया दीपावली त्योहार, पूरे 5 दिनों का बताया गया महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



शासकीय स्कूल कुम्हली के प्रधानपाठक छन्नूलाल साहू ने संस्कृति और संस्कार की पहल की है। उन्होंने बैगलेस डे शनिवार को दीपावली के 5 दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को बताया कि भारत की संस्कृति मानव को मानवता सिखाती है, एक दूसरे के साथ अच्छा व्यवहार करना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जो भारत की संस्कृति में रंग जाता है, वह अपने साथ दूसरों का भी भला करना सीख जाता है।

16 नवंबर को पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। प्रधान पाठक सीएल साहू ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। धनतेरस पर्व पर सभी कक्षाओं के द्वार पर तेरह मिट्टी के दिए जला कर भगवान धन्वंतरी की पूजा की गई। बताया गया कि समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे, जो भगवान विष्णु के अंशावतार। दूसरे दिवस नरक चतुर्दशी, भगवान कृष्ण ने इस दिन नरकासुर राक्षस का वध किया था। इस दिन कृष्ण की पूजा राधारानी जी के साथ करने की कथा है। तीसरे दिन सुरहुती जिसे दीपावली कहा जाता है, सभी ग्रामीण देवी देवताओं और घरों मिट्टी के दिए जलाकर रोशन जाता है। इस दिन विद्यालय के सभी कमरों और मां शारदा के मंदिर पर दिए जलाए गए। इस धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा विशेष विधि विधान से की जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित पालक, शिक्षक, छात्रों ने मिलकर मां लक्ष्मी की पूजा की। इस दिन विद्यालय में गौरा-गौरी की मूर्ति बनाने के पूजा विधि के साथ गौर माटी लाई गई। बालिकाओं ने प्रत्येक कक्षा के सामने घर के प्रतीकात्मक स्वरूप में सुवा नृत्य प्रस्तुत कर घर मालकिन ने सगुन भेंट के रूप में एक सूपा धान और रुपए पैसे प्रदान किया। उसके बाद प्रत्येक घर जाकर कलशा परघनी स्वरूप घर के मालकिन से धन धान्य से भरा ज्योतिमय कलशा लिए जिसे गौरा गौरी चौक पर दिव्य कलश स्थापित किए जाते हैं। विद्यार्थियों ने नाचते गाते, बाजे गाजे और ईसर गौरा गौरी के जयकारे के साथ भव्य बारात निकाली। नगर भ्रमण कर विद्यालय कलामंच पर स्थापना करके विधि विधान से ईसर गौरी गौरा की पूजा अर्चना की गई। चौथे दिन गोवर्धन पूजा की गई। गौ माता को स्नान कराकर उसकी आरती उतारी गई, गोबर से गोवर्धन पहाड़ बना कर पूजा करने के गौमाता को गोवर्धन पहाड़ पर चढ़ाकर परंपरा का निर्वहन किया। पारंपरिक यादव वेशभूषा से सुसज्जित बच्चों ने गौमाता को सोहई पहनाई और कबीर, सूर, तुलसीदास के जमकर दोहे पारे, काछन चढ़े नाचे, विद्यालय और आस पास का वातावरण पुनः दिवाली त्योहार के आनंद और हर्षोल्लास से सराबोर हो गया।

#### सामाजिक जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करने योग्य बनते हैं बच्चे

पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक यशोदा नायक ने कहा कि इस तरह का आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्व का एहसास कराता है। बड़े होकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन करने योग्य बनते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हुषणलाल चंद्राकर, पोषण कुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी साहू, जमुना चंद्राकर, शशिकला चंद्राकर नेमिन महिपाल विशेष उपस्थित थे।

## राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था से खफा डीजीपी ने एसपी की ली मैराथन बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था से खफा डीजीपी अशोक जुनेजा ने नक्सल प्राभावित बस्तर को छोड़ शेष 26 जिलों के एसपी की गुरुवार को मैराथन बैठक ली। इस दौरान डीजीपी ने बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए ज्यादातर एसपी को खरी-खोटी सुनाई।

डीजीपी ने बैठक अचानक ही बुलाई। बैठक के एक दिन पूर्व सभी जिलों के एसपी को उनके सेट पर इसकी सूचना दी गई। अचानक सूचना मिलने से जिलों के एसपी भी हड़बड़ा गए और आनन-फानन में बैठक में शामिल होने रायपुर पहुंचे। डीजीपी द्वारा आयोजित बैठक में शामिल होने आए जिलों के एसपी की सबसे पहले अजाक के एडीजीपी ने बैठक ली। इसके बाद सीआईडी, ट्रेनिंग, इंटेलिजेंस प्रमुख ने जिलों के एसपी से बात की। संबंधित एडीजी के साथ बैठक होने के बाद अंत में डीजीपी ने जिलों के एसपी के साथ बैठक की।

#### डीजीपी ने दिखाए तल्ख तेवर

डीजीपी श्री जुनेजा जैसे ही जिलों के एसपी की बैठक में पहुंचे, उनके तेवर काफी तल्ख थे। गौरतलब है कि जिलों के एसपी के बैठक के पूर्व इंटेलिजेंस चीफ अमित कुमार ने डीजीपी को सभी जिलों की स्थिति के बारे में बिंदुवार जानकारी दे दी थी। पिछले दो महीनों में जिन जिलों में चर्चित आपराधिक घटनाएं ज्यादा हुई हैं। उन जिलों के एसपी के प्रति डीजीपी की नाराजगी साफ तौर पर देखने को मिली।

#### हर जिले के एसपी को खड़ा कर वन टू वन सवाल

*पूर्व में डीजीपी की बैठक में सामान्य तौर पर जिलों के एसपी से कानून व्यवस्था की जानकारी ली जाती थी। पहली बार डीजीपी जिलों के एसपी से वन-टू-वन सवाल-जवाब करते दिखे। डीजीपी ने लोहारडीह घटना में पुलिस की परफार्मेंस पर नाराजगी व्यक्त करने के साथ ही थानों में लगे विज्ञापन बोर्ड हटाने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य में बढ़ रहे गैंगवार, मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त पर अंकुश नहीं लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। राज्य में लॉ एंड आर्डर मेंटेन रखने डीजीपी ने हर माह एसपी के कामकाज की समीक्षा करने की बात कही।*

## राम जन्मभूमि न्यास के महासचिव चंपत राय से संत राम बालक दास ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



भगवान श्री राम की जन्मभूमि श्री अयोध्या धाम में संत श्री राम बालक दास से मिलने जानकी महल में राम जन्मभूमि न्यास के महासचिव चंपत राय जी पहुंचे। उन्होंने संत श्री राम बालक दास का अयोध्या में स्वागत किया और साथ ही संत श्री के एकदिवसीय अयोध्या प्रवास के संबंध में चर्चा की। रामलला की महाआरती में संत श्री को आमंत्रित करते हुए श्री चंपत राय जी ने छत्तीसगढ़ में बन रहे मां कौशल्या धाम जन्मभूमि तीर्थ की प्रशंसा की। उन्होंने 2026 में मां कौशल्या के पावन स्थापना महोत्सव को विश्व स्तर पर मनाए जाने के विचार का समर्थन किया।

■ पाटेश्वर धाम में बन रहे कौशल्या धाम आने का दिया निमंत्रण

संत श्री रामबालक दास जी ने श्री चंपत राय को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के निर्माण के कुशल नेतृत्व के लिए बधाई दी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में पाटेश्वर मां कौशल्या धाम तीर्थ के निर्माण का भी वह निरीक्षण कर उचित मार्गदर्शन देने का आग्रह किया, ताकि 2026 में होने वाला विश्व स्तरीय कौशल्या धाम स्थापना महोत्सव को और भव्य बनाया जा सके। संत श्री ने श्री चंपत राय जी को मां कौशल्या धाम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी।

#### राम जन्मभूमि तीर्थ और मां कौशल्या जन्मभूमि तीर्थ से मजबूत होंगे संबंध

ज्ञात हो कि इस समय संत श्री राम बालक दास जी तीन दिवसीय उत्तरप्रदेश प्रवास पर हैं। इसके अंतर्गत रविवार को भी श्री काशी विश्वनाथ में मां कौशल्या के स्वरूप का निर्माण करने वाले सुनील विश्वकर्मा जी से वे भेंट करेंगे। अयोध्या में पत्रकारों से चर्चा करते हुए संत श्री राम बालक दास जी ने कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ से हम अयोध्या में रामलला के दर्शन करने आए हैं। इसी तरह 2026 के बाद अयोध्या निवासी मां कौशल्या का दर्शन करने छत्तीसगढ़ आएंगे। इस तरह राम जन्मभूमि तीर्थ और मां कौशल्या जन्मभूमि तीर्थ से छत्तीसगढ़ का संबंध और मजबूत होगा।

## मोवा ओवरब्रिज के डामरीकरण की मोटी परत अब होगी स्लिम, दिसंबर तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य



**रायपुर।** शहर के मोवा ओवरब्रिज पर बार-बार डामरीकरण होने से उसकी परत मोटी हो गई है। इससे ओवरब्रिज का वजन बढ़ गया है। इसके चलते मोटी परत पतली करने यानी री-कंस्ट्रक्शन के लिए लोक निर्माण के सेतु विभाग ने एजेंसी तय की है। इस प्रोजेक्ट को दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य विभाग ने तय किया है। जिस एजेंसी को ठेका दिया गया है। उसकी बिलो दर को स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू करने की तैयारी है। राजधानी के 14 साल पुराने मोवा ओवरब्रिज की मोटी परत को उखाड़ने के बाद ब्रिज के बढ़ते लोड को कम करने के लिए 80 लाख का बजट तय है। इसके लिए टेंडर के बाद काम करने के लिए एजेंसी तय की गई है। विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि री-कंस्ट्रक्शन का काम नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक शुरू करने की तैयारी है। इसे एक महीने में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। बताया जाता है कि इस काम को दिन-रात करने पर भी करीब एक महीने का समय लगेगा ही। इससे शहर में दलदल सिवनी, सड्डू, दुबे कॉलोनी आदि इलाके से आने-जाने वाले लोगों को एक महीने परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस काम को रात में कराने पर भी विचार किया जा रहा है।

## नागपुर से झारसुगुड़ा तक ट्रेनों में नहीं होगी भिड़ंत, रेलवे ने जारी किया कवच सुरक्षा का टेंडर

### 614 रूट किलोमीटर तक होगा "कवच सुरक्षा तकनीक" के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में झारसुगुड़ा, बिलासपुर व रायपुर समेत नागपुर सेक्शन में कवच सुरक्षा तकनीक को दायरे में लाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। अब रेलवे ने 614 रूट किलोमीटर के हाई डेंसिटी नेटवर्क मार्ग पर कवच प्रणाली लागू करने के लिए निविदा आमंत्रित की है। इस परियोजना का अनुमानित मूल्य 292 करोड़ रुपय है। निविदा 25 नवंबर को खोली जाएगी। इस परियोजना के अंतर्गत- स्टेशन कवच उपकरणों की स्थापना, भवनों का निर्माण, टावरों की स्थापना, ऑप्टिकल फाइबर केबल, ओएफसी बिछाने का प्रावधान आदि कार्य शामिल होंगे। इसके साथ ही, लो डेंसिटी नेटवर्क के लिए 1563 रूट किलोमीटर क्षेत्र में कवच प्रणाली लागू करने विस्तृत इस्टीमेट को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इस खंड में निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया जारी है और निविदा कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। रेलवे का दावा है कि कवच प्रणाली ट्रेन ड्राइवरों की मदद के लिए एक विश्वसनीय साथी है। यदि ड्राइवर स्पीड कंट्रोल करने या ब्रेक लगाना भूल जाता है, तो कवच प्रणाली ब्रेक इंटरफेस यूनिट द्वारा ट्रेन को स्वचालित रूप से कंट्रोल कर लेती है।

#### कवच प्रणाली की यह भी विशेषता

समय पर आटोमेटिक सीटी बजता है और विषमता की स्थिति में या जोखिम के मामले में अन्य ट्रेनों को नियंत्रित एवं सावधान करने के लिए तुरंत सक्रिय हो जाता है। इससे आसपास के क्षेत्रों में सभी ट्रेनों का संचालन तत्काल रुक जाता है। खास बात यह है कि इस तकनीक को देश में तैयार किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मार्च 2022 में कवच सुरक्षा तकनीक का सफल जीवंत परीक्षण दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में लिंगमपल्ली-विकाराबाद खंड पर गुल्लागुडा-चिटगिड्डा रेलवे स्टेशनों के बीच किया था।

#### घने कोहरे में भी सुरक्षित परिचालन

यह प्रणाली ड्राइवर के केबिन में लाइन-साइड सिग्नल के आस्पेक्ट को दोहराती है, जिससे घने कोहरे, बरसात के मौसम के दौरान भी ट्रेन संचालन की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित होगी। यदि लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल रहता है, तो यह प्रणाली स्वचालित रूप से ब्रेक लगाकर ट्रेन की गति को नियंत्रित करने में मदद करेगी। यह प्रणाली संचालन प्राधिकरण (मूविंग ओथोरिटी) के निरंतर अद्यतन के सिद्धांत पर काम करती है एवं लोको को सीधे टकराव से बचने में, लोको में स्थित संचार माध्यम द्वारा सक्षम बनाती है।

### शासकीय विद्यालय सुरडोंगर में ग्रुप डिस्कशन पर हुई कार्यशाला

## ग्रुप डिस्कशन से बच्चों को किसी विषय को गहराई से समझने में मदद मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर प्राचार्य बीके बहुरुपी के मार्गदर्शन में राम -आर्य गणित क्लब के तत्वावधान एवं व्याख्याता संजय बंजारे के नेतृत्व में गणित क्लब के विद्यार्थियों के लिए विषय ग्रुप डिस्कशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। काउंसलर ने विद्यार्थियों को ग्रुप डिस्कशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को ग्रुप डिस्कशन कराकर उनके संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने समझाया कि ग्रुप डिस्कशन से प्रतिभागियों का ध्यान बढ़ता है। किसी विषय को गहराई से समझने में मदद मिलती है। सीखने की प्रक्रिया में शामिल होने से एकाग्रता बढ़ती है। सक्रिय रूप से सुनने और बोलने के कौशल में सुधार होता है। समस्याओं को हल करने के लिए प्रभावी विचार आते हैं।विभिन्न विचारों वाले लोगों के समूह को एक साथ लाने से विचार प्रक्रिया व्यापक दृष्टिकोण में बदलती है। प्रतिभागियों को आलोचनात्मक रुप से सोचने और अपने विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। इस प्रकार विद्यालय में एक्स्ट्रा करिकुलम से विद्यार्थियों के अंदर एक अनोखे रुप में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यार्थियों के अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर पढ़ाई में ध्यान फोकस करने के लिए प्रति पंद्रह दिवस में विभिन्न प्रकार के आगामी रूप रेखा बनाकर विद्यार्थियों के कक्षा कक्ष में व्यवस्थित कर बच्चों को मोटिवेट किया जाता है। इस प्रकार से गतिविधियां को सोच कर विद्यालय स्तर पर संचालित करने के तरीके को प्राचार्य बी.के.बहुरुपी द्वारा प्रशंसा के साथ साथ विद्यार्थियों और काउंसलर का उत्साहवर्धन किया गया।

■ वक्ताओं ने ग्रुप डिस्कशन को बताया महत्वपूर्ण, कहा विद्यार्थियों के लिए है बहुत लाभदायक

## डोंडी में लगा विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला



**डौंडी।** डौंडी स्थित शासकीय आयुर्वेद औषधालय शनि मंदिर के पास 16 नवंबर को विकासखंड स्तरीय शिविर आयुष स्वास्थ्य मेला के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। भगवान धनवंतरी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी थे, अध्यक्षता ममता जैन डौंडी के गणमान्य नागरिक ने की। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से कुल लाभान्वित 358 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि प्रदान की गई। शिविर को सफल बनाने में ब्लॉक शिविर प्रभारी डॉ.कौशल सिन्हा डौंडी विकासखंड के समस्त आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, औषधालय सेवक सभी का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### नवागांव में सिन्हा समाज ने मनाई भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती



**बेमेतरा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भाठासोरी के आश्रित ग्राम नवागांव में सिन्हा कलार समाज द्वारा सहस्त्रबाहु भगवान अर्जुन की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू थे। सर्वप्रथम समाज की युवतियों और महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। उसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ इष्ट देव के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भगवान सहस्त्र बाहु अर्जुन जी और माता बहादुरीन कलारीन का इतिहास बहुत ही गौरवशाली है। कलार समाज आर्थिक सामाजिक और राजनितिक दृष्ठि से मजबूत है। विधायक साहू ने ग्रामीणों की मांग पर 3 लाख की लागत से नवागांव चौक में काक्रीटीकरण कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में पेखन सिन्हा महामंत्री कलार समाज, डीआर सिन्हा, विजय सिन्हा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, रघुवीर सिन्हा, डामन सिन्हा, मदन सिन्हा, शिव झड़ी सिन्हा, राजू जायसवाल, अमृत महेशवरी,कन्हैया सेन रुखमणी सिन्हा पार्षद बिरगांव सहित सिन्हा समाज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बिरेतरा सरपंच देशमुख ने सीएम साय को सौंपा मांग पत्र

**लाटाबोड़।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत भाठागांव बी. पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से ग्राम पंचायत बिरेतरा के सरपंच योगेश कुमार देशमुख ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्राम विकास के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए मुख्यमंत्री को माँगपत्र सौंपा। सरपंच श्री देशमुख ने बताया कि ग्राम भाठागांव बी. हाईस्कूल मैदान में जनजातीय गौरव दिवस एवं कंवर समाज सम्मलेन में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री साय से मुख्य मार्ग से दर्रा खार तक डब्लूबीएम रोड बनवाने, मुख्य मार्ग से स्कूल भर्री तक डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण, विभिन्न स्थानों पर सीमेंटीकरण कार्य, श्मशान घाट में प्रतीक्षालय निर्माण, वार्ड 10 में हाई टेंशन तार विस्थापन के लिए राशि, उप-स्वास्थय केंद्र बिरेतरा में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला की पदस्थापना करने, आंगनबाड़ी केन्द्रों के रनिंग वॉटर की राशि भुगतान करने एवं स्कूल मैदान में मुरमीकरण कार्य की मांग को लेकर आवेदन सौंपा।

## पेज 9 के शेष

### मुख्यमंत्री 19 को ...

विभागीय योजनाओं से संबंधित अपने स्टॉल की तैयारी पूरी कर लें। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के विभिन्नहितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों को सामग्री वितरण की जाना हो वह भी समय रहते करें।
बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता पोटाई सहित जिले के एसडीएम और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़कों और पुलिया की मरम्मत के कार्य समय रहते पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।इस बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी न हो और सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाएं।

# सांस्कृतिक विरासत की रक्षा व स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का अमूल्य योगदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक योगेश्वर सिन्हा ने जनजातीय गौरव दिवस के प्रस्तावना व पृष्ठभूमि से परिचित कराया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुरुकुल आईसीएस एकेडमी के संस्थापक एवं जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत अभियान के प्रांतीय संयोजक बृजेंद्र शुक्ला रहे।

उन्होंने कहा कि देश की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा व स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का अमूल्य योगदान रहा है। इतिहास में जनजाति समाज का वर्णन सही रूप से नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अब आवश्यकता इस बात की है कि जनजाति समाज के वास्तविक योगदान से जनमानस को परिचित कराया जाए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत के प्रांतीय संयोजक जितेंद्र ध्रुव रहे। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत हमें गर्व से भर देता है। भगवान बिरसा मुंडा जैसे नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी विरासत सामाजिक न्याय और समानता के लिए प्रेरित करती है। बीएड के छात्राध्यापिकाएं मानसी नेताम एवं ऋचा शर्मा द्वारा रंगोली एवं करमा नृत्य में बीएड रानू एवं साथी ने प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ अवधेश पटेल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के जिला संयोजक संजय वर्मा ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम के संयोजक बीएड विभाग के सहायक प्राध्यापक रूपेंद्र डहरिया एवं सहसंयोजक आईटी विभाग के सहायक प्राध्यापक शुभम गजभिये रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी एवं सहायक प्राध्यापक निधि तिवारी, स्वाति पटेल, नंदिनी वर्मा, स्वीटी मलिक, विनीता अग्रवाल, श्रद्धा राजपूत, राजेंद्र वर्मा सहित समस्त छात्राएं उपस्थित थे।

**समाधान महाविद्यालय में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस**



**अमर बलिदानी जनजातीय नायकों की लगाई गई प्रदर्शनी**

इस अवसर पर अमर बलिदानी जनजाति नायकों की प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रांतीय संयोजक बृजेंद्र शुक्ला ने किया। प्रदर्शनी में मादरी कालो, जतरा टाना भगत, नानक जी भील, अल्लूरी सीताराम राजू, नग्य महादया कातकरी, हाइपौ जादोनांग, गोविंद गुरु, रानीमां गाइदिन्ल्यू, कोमराम भीम, मर्री कामय्या, लक्ष्मण नायक, हुतात्मा केसरी चंद, खाज्या नायक, रामजी गोंड, यू कियांग नोंगबा, भीमा नायक, तामा डोरा, सुरेंद्र साय, टंट्या भील, शम्भूधन फूंगलो, पा योगेश एन संगमा, तेलंगा खड़िया, रानी रोपुइलियानी, बिरसा मुंडा व वीर गुंडाधुर जनजाति नायकों के इतिहास का संक्षिप्त वर्णन था।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा में लापरवाही पर फटकार

# स्कूल समय पर घूमते पाए गए विद्यार्थी डीईओ ने प्राचार्य व स्टाफ को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



शासन द्वारा इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इसी कड़ी में अध्यापन कार्यों में कसावट लाने के उद्देश्य से अधिकारियों का विभिन्न स्कूलों में लगातार निरीक्षण का भी कार्य चल रहा है। शनिवार जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के साथ सहायक परियोजना अधिकारी एपीसी भूपेंद्र साहू, अनुराधा साहू की उड़नदस्ता की टीम ने साजा विकास खंड के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सबसे पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा पहुंचे। सुबह 9:25 बजे ही विद्यार्थी मैदान में बाहर घूमते नजर आए। संस्था के प्राचार्य मुरारी भुवाल तथा अन्य समस्त स्टाफ को फटकार लगाते हुए, पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने, डेली डायरी जांच, पाठकान संधारण करने, अन्य रजिस्टर, शाला समयानुसार गतिविधियों, परख, अपार, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों, कोर्स समय पर पूर्ण करने, प्रायोगिक कार्य को अधिक से अधिक कराने, अवकाश नियमों व कर्तव्यों का कड़ाई से पालन करने निर्देशित किया गया।

14 नवम्बर से चल रही कक्षा दसवीं व बारहवीं ओपन स्कूल परीक्षा केंद्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल साजा का उड़न दस्ता के साथ सुबह 10:10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू व अनुराधा साहू ने दौरा करते हुए निरीक्षण किया। परीक्षाएं शांतिपूर्ण व सही ढंग से संचालित होती पाई गईं। परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष अजय कुमार शर्मा व तीनों कक्ष के पर्यवेक्षक समस्त स्टाफ अपने अपने कर्तव्यों पर उपस्थित पाये गये। कुल परीक्षार्थियों 95 में से उपस्थित 88 परीक्षार्थी गृह विज्ञान की परीक्षा में उपस्थित पाए गए।

उड़नदस्ता ने परीक्षार्थियों की बारीकी से जांच की, कहीं पर भी कोई नकल प्रकरण नहीं बना। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला साजा का भी 10:55 बजे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दसवीं कक्षा के बच्चों से बात करने पर पाया गया कि अधिकांश बच्चे गणित व अंग्रेजी में बहुत कमजोर हैं। इन विषयों की ठीक से पढ़ाई भी नहीं हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने संस्था के प्राचार्य राधेश्याम मरकाम को निर्देशित करते हुए गणित व अंग्रेजी भाषा की पढ़ाई पर विशेष रूप से ध्यान देने और विषय विशेषज्ञों से तत्काल पढ़ाई की स्थिति को सुधारने के लिए निर्देशित किया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर यादव समाज के लोगों ने गायों को बांधी सोहई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

■ नवागढ़ में धूमधाम से पारंपरिक रूप से मनाया गया पर्व

नगर में शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। श्रद्धालुओं ने सुबह-सुबह कार्तिक स्नान किया। देर शाम नगर के यादवों ने गायों को सोहई बांधी। इसके साथ ही दिनभर मंदिरों में पूजन-अर्चना की जाती रही। सबसे पहले यादवों ने नगर के मालगुजार विकास धर दीवान के गौशाला में दोहा लगाते हुए गायों को सोहई बांधी। उसके बाद यादवजन घर-घर सोहई बांधने रवाना हुए। श्री दीवान ने यादवों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर के यादवों ने आज भी पुरानी परंपरा को सहेजकर रखा है। मड़ई-मातर, गोवर्धन पूजा, आदि हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पहचान हैं।

उल्लेखनीय है कि नवागढ़ क्षेत्र में आज भी पुरानी परंपरा के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा, गोवर्धन पूजा व लक्ष्मी पूजा के दिन यादव अपने मालिकों के पशुओं को सोहई बांधकर दोहा लगाकर आशीर्वाद देते हैं। सोहई बनाने की तैयारी पहले से ही कर लेते हैं, ताकि त्योहार तक सभी पशुओं के लिए सोहई तैयार हो सके। मयूर पंख के साथ पेड़ की जड़ को लाल व काले रंग में रंगकर सोहई बनाई जाती है। मयूर पंख के दाम बढ़ने के कारण अधिकतर सोहई परसा छाल से बनाए जाते हैं। देवउठनी के दिन भी सोहई बांधी जाती है। इस दौरान तातू यादव, बुलटू यादव,पंचू यादव, जीवन यादव, अर्जुन यादव, परसादी यादव, खेलन यादव, चैनु यादव, पुसउ यादव, राधे यादव, उदल यादव, संतोष यादव, बनझुलवा यादव, बनबोवा यादव, पुररू यादव, अशोक यादव,जुठेल यादव, परदेशी, जतनु, जेठू, खेदू, बराती, बलदाऊ, सहदेव, चैतू, लबेदु, नेतराम,फत्ते सहित बड़ी संख्या में यादव बंधु उपस्थित रहे।

# मानव तीर्थ ग्राम किरीतपुर में मनाया गया कृतज्ञता दिवस



**बेमेतरा।** ग्राम किरीतपुर स्थित मानव तीर्थ में दिव्य पथ संस्थान अमरकंटक अगुवाई में कार्तिक पूर्णिमा पर द्वितीय कृतज्ञता दिवस मनाया गया।

इसमें देश भर के 350 से अधिक लोग शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संघ संचालक एवं चिकित्सालय संचालक डॉ पूर्णेंदु सक्सेना, पूर्व प्रांत संघ संचालक बिसरा राम यादव, चंद्रशेखर वर्मा प्रदेश अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद , सुवर्णा योगेश,हिमांशु दुगर अध्यक्ष गांधी विद्या मंदिर, रमाशंकर (मध्यस्थ दर्शन अध्येता) मौजूद रहे। कृतज्ञता दिवस पर जानकारी देते हुए गणेश वर्मा ने बताया कि यह कृतज्ञता दिवस मध्यस्थ दर्शन के प्रणेता ए नागराज के साधना संयम ओर माता नागरत्न देवी के सेवा सफल होने की उपलक्ष में मानव तीर्थ में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।

इसी क्रम में इस वर्ष भी 15 नवंबर को द्वितीय कृतज्ञता दिवस मनाया गया। कृतज्ञ दिवस का उद्देश्य मानवीय विकल्प और परंपरा के बीच में एक संवाद है । जिसमें आदर्शवाद और भौतिकवाद की जगह पर सह अस्तित्व वाद के रूप में एक विकल्प का प्रस्ताव है । मानव तीर्थ मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्व वाद के आधार पर परिवार व्यवस्था में जीने और उसके अध्ययन अभ्यास के लिए एक स्थली है। श्रद्धेय ए नागराज जी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से यह संस्थान स्थापित और संचालित है।

**सेवानिवृत्त शिक्षक शिवकुमार ने कराया न्योता भोज :** बालोद/सिकोसा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माहूद बी में सेवानिवृत्त शिक्षक (कवि) शिवकुमार अंगारे द्वारा अपने नातिन दोमेश्वरी के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया।

# राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता के लिए बारगांव के 19 विद्यार्थियों का चयन



■ राजनांदगांव में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर हुए चयनित

**बेमेतरा।** बेरला ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव सहित ग्राम देवरी एवं ग्राम खर्रा के 13 बालक एवं 06 बालिकाओं का राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हॉकी खेल में चयन हुआ है जो बेमेतरा जिले के लिए हॉकी खेल में एक बड़ी उपलब्धि है। चयन होने वाले खिलाड़ी अंडर 19 सिनियर वर्ग से है।

राजनांदगांव में आयोजित प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से मनीषा साहू कक्षा 11 वी, बालक वर्ग में हर्षित साहू कक्षा 11 वी, ढालेश्वर यादव कक्षा 11 वी,मिथलेश कक्षा 12 वी , लूकेश कक्षा 10 वी ग्राम देवरी, भूपेश कक्षा 10 वीं ग्राम खर्रा ने शानदार प्रदर्शन किया। इसी प्रकार अंडर 17 जुनियर वर्ग में बालक वर्ग में करण यादव कक्षा 10 वी, ओमकार निषाद कक्षा 10 वी, देवेन्द्र यादव कक्षा 10 वी,अल्ताफ बेग कक्षा 10 वी बालिका वर्ग में निधि पाटिल कक्षा 10 वी, तन्नू कक्षा 10 वी, मानषी साहू कक्षा 10 वी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, रायपुर में आयोजित अंडर 14 (मिनी वर्ग) में बालक वर्ग हिमांशु विश्वकर्मा कक्षा 07 वी बारगांव, मयंक कक्षा 07वी मुड़पार, दीपक साहू कक्षा 08वी देवरी ,बालिका वर्ग पूनम कक्षा 07 वीं मुड़पार,श्री साहू कक्षा 09 वीं बारगांव, पूर्णिमा कक्षा 08 वीं बारगांव से सभी खिलाड़ियों के द्वारा संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी खेल में अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन किए थे। उम्दा प्रदर्शन के आधार पर सभी खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता हॉकी खेल में चयन हुआ है ।

गौरतलब हो कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव की व्यायाम शिक्षिका (कोच) तुलसी साहू के कुशल मार्गदर्शन में हाकी खेल प्रशिक्षण लेकर सभी खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओ में भाग लेकर अपने खेल का उम्दा प्रदर्शन प्रस्तुत कर रहे हैं।

## पूर्व विधायक आशीष ने किया शुभारंभ

# लोलेसरा में शुरू हुई कबड्डी प्रतियोगिता



**बेमेतरा।** आर्मी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा दो दिवसीय आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ संत समागम मेला स्थल लोलेसरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि कबड्डी भारत का प्राचीन खेल है तथा इस खेल की पहुंच भारत देश में जमीनी स्तर पर है और लोकप्रिय खेल है, जिससे शारीरिक फिटनेस और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। इस खेल ने समुदायों को एकजुट किया है और ग्रामीणों के बीच भाईचारे की भावना पैदा की है। खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच तैयार किया है। कबड्डी मूल रूप से एक संघर्षपूर्ण खेल है। खेल का मुख्य विचार प्रतिद्वंद्वी के एक ही सांस में अपने को बचाकर यथासंभव अधिक से अधिक डिफेंस खिलाड़ियों को छूकर अंक अर्जित कर सके जिसके आधार पर जीत हार का फैसला होता है। इस खेल में जहां खेल का आनंद मिलता है वहीं शारीरिक चुस्ती फूर्ति भी बनी रहती है तथा दर्शकों को भी खेल का बहुत ही रोमांच महसूस होता है । इस दौरान कार्यक्रम में मिथिलेश वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा किरण वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत लोलेसरा ध्रुव वर्मा पूर्व सरपंच बहल सिंह वर्मा सेवक वर्मा टीकू साहू राजा वर्मा भुनेश्वर वर्मा प्रकाश वर्मा योगेंद्र वर्मा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिलास्तरीय मॉक अभ्यास, टेबल टॉप की बैठक 18 को

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिला बेमेतरा में जिला स्तरीय मॉक अभ्यास, टेबल टॉप की बैठक 18 नवंबर शाम 4 बजे से कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में होगी । संयुक्त मॉक अभ्यास को आयोजित करने के लिए एनडीआरएफ की 20-25 बल सदस्यों की एक टीम 17 नवंबर को बेमेतरा में पहुंचेगी। संयुक्त मॉक अभ्यास 19 नवंबर को शाम 3 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा, बेमेतरा में आयोजित है।

### ग्राम हरदी में श्रीमद् भागवत कथा 19 से

**थानखम्हरिया।** हरदी गांव में दिवंगत स्व. बहलराम जी की स्मृति और उनकी पत्नी स्व. रामबाई के शांति के लिए एक सप्ताह तक चलने वाले श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 21 से 29 नवंबर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का समावेश होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के माध्यम से धर्म और आध्यात्म की शिक्षा देना है। कथा वाचन के लिए सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. राजेंद्र प्रसाद तिवारी (थानखम्हरिया) और परायण के लिए पं. ऋषि प्रसाद तिवारी को आमंत्रित किया गया है। प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से प्रवचन का समय निर्धारित किया गया है।

### राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास को दी गई श्रद्धांजलि

**थानखम्हरिया।** सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया सभा हॉल में आयोजित एक श्रद्धांजलि समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम को पुरुषोत्तम अग्रवाल, नर्सिंग चंद्राकर, रामविलास शर्मा, अनिल सिंघानिया, वीरेन जोशी, जितेन साहू ने संबोधित किया। गोपाल व्यास को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ की राजनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक थे और 2006 से 2012 तक राज्यसभा सांसद के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। साधारण परिवार से संबंध रखने वाले गोपाल जी ने अपनी सरलता और सादगी से समाज में एक विशेष पहचान बनाई। सभा में कहा गया कि व्यास जी हमेशा जोड़ने की भावना में विश्वास रखते थे। गोपाल व्यास भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता थे और आपातकाल के दौरान जेल में भी बंद रहे थे। इस अवसर पर सुरेश सिंघानिया, पुरुषोत्तम सिंघानिया, देवानंद त्रिपाठी, दीपक तिवारी, गोपाल कागलीवाल, सुभाष सिंह साहू, जलेश्वर सिन्हा, गुलाब साहू, शिक्षक प्राचार्य लखन साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राकेश जोशी ने किया।

# सुबह व रात को महसूस होने लगी ठंड, अब तापमान में आएगी और गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नवंबर माह का दूसरा पखवाड़ा शुरू हो गया है, लेकिन अब तक कड़ाके की ठंड देखने को नहीं मिली है। हालांकि कल से मौसम में नमी की मात्रा में कमी आने की संभावना जताई गई है। जिसके चलते ठंड बढ़ सकती है और रात के साथ ही दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी।

अंचल में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस पर रहा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 17 नवंबर के आसपास ही रात के तापमान में थोड़ी कमी आने से ठंड महसूस होगी। फिलहाल अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक रहेगा। मौसम में अभी थोड़ी ज्यादा नमी है। इस वजह से न्यूनतम तापमान में कमी नहीं आ रही है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण दक्षिण छत्तीसगढ़ में नमी आने लगी है। इसका असर बस्तर के कुछ हिस्सों में रहने के कारण रात का तापमान बढ़ने की संभावना है। हालांकि रायपुर और दुर्ग संभाग में इसका असर नहीं होगा। इधर मौसम में बदलाव के कारण सेहत पर भी असर दिखने लगा है। शहरी इलाको से लेकर गांव तक वायरल के मरीज बढ़ गए है, खासकर लोगों को गले में इंफेक्शन देखने को मिल रहा है।

### दिन का तापमान 31 पर, रात का पारा पहुंचा 17 डिग्री



#### 3-5 डिग्री तक गिरावट संभव

जिले के वातावरण में नमी की मात्रा धीरे-धीरे कम हो रही है। जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, फिर भी मामूली गिरावट संभावित है। जिले में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 17 नवंबर से न्यूनतम तापमान में थोड़ा ज्यादा गिरावट संभावित है। दिन का तापमान 3 से 5 डिग्री तक और रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक लुढ़क सकता है।

### समिति प्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई शुरुआत

# थानखम्हरिया उपार्जन केंद्र में पूजा-अर्चना के साथ हुआ धान खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानखम्हरिया



छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में किया गया है। इस अवसर पर थान खम्हरिया सेवा सहकारी समिति कृषि उपज मंडी में भी धान खरीदी की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ की गई। प्रदेश भर में कुल 2739 केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बार 72 घंटे के अंदर किसानों को भुगतान करने का वादा किया है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, कपिल साहू, चेतन सिन्हा, तहसीलदार प्रकाश यादव, समिति प्रबंधक कुलेश्वर उपाध्याय और अमरलाल चंद्राकर की उपस्थिति में धान खरीदी की प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया।

**उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का लक्ष्य :** इस वर्ष थान खम्हरिया सेवा सहकारी समिति उपार्जन केंद्र में कुल 1281 पंजीकृत किसानों के लिए 74174 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धान के रकबे का कुल क्षेत्रफल 1425.92 हेक्टेयर है। खरीदी के पहले दिन ग्राम कुर्दा, गातापार, कोपेडबरी, और उमराव नगर के किसानों ने जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया शुरू की।

**सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध :** धान खरीदी केंद्र पर किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। समिति प्रबंधक कुलेश्वर उपाध्याय और तहसीलदार प्रकाश यादव ने बताया कि केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नए और पुराने बरदाने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। साथ ही, पीडीएस व राइस मिलर्स को पुराने बरदाने समय पर जमा कराने की सूचना भी दी गई है। कृषकों के लिए पानी, छांव और बैठने की उचित व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसानों ने समिति द्वारा की गई तैयारियों की सराहना की और उम्मीद जताई कि इस बार का धान खरीदी सत्र उनके लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

#### समारोह में जनप्रतिनिधियों का संदेश

इस अवसर पर मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर और भाजपा नेता अनिल सिंघानिया ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने अपने वादों को निभाया है और किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों और समिति प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी किसान अनावश्यक रूप से परेशान न हो। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या दुर्व्यवहार करने वाले प्रबंधकों पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सैकड़ों किसानों के साथ-साथ कई प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे, जिनमें अमरलाल चंद्राकर, दीपक कुमार महेश्वरी, उमाशंकर देवांगन, तोरण सिन्हा, संतोष सिन्हा, और महेंद्र साहू शामिल थे। किसानों ने खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार की पहल का स्वागत किया और धान खरीदी की प्रक्रिया को सुविधाजनक और पारदर्शी बताया।

### सेवा सहकारी समिति केंद्र बांसा में पहले दिन 19 किसानों ने बेचा धान

**बेरला।** ब्लॉक बेरला के सेवा सहकारी समिति बांसा पंजीयन क्रमांक 499 में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धान खरीदी का शुभारंभ बलराम भगवान एवं इलेक्ट्रॉनिक कांटा का पूजा पाठ कर किया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग बेरला मंडल अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा, बेरला नायाब तहसीलदार प्रदीप तिवारी, पूर्व अध्यक्ष बद्री तिवारी, पूर्व अध्यक्ष गोपी महाराज, बांसा के पूर्व सरपंच मानाराम वर्मा, बोरिया से भाजपा युवा नेता पुरुषोत्तम यादव एवं प्रभारी प्रबंधक खिलेंद्र कुर्रे, दीपेश वर्मा एवं बांसा बहेरा के किसान उपस्थित रहे। वही ग्राम बहेरा से 16 किसान और बांसा से 03 किसानों ने अपना धान बेचने पहुंचे। इस बीच प्रहलाद वर्मा ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें किसी प्रकार का कोताही नहीं बढ़ते जाएगी क्यों कि इस वर्ष सरकार ने हर समिति पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा की व्यवस्था कर दिया है ताकि किसानों और कटिहारो के बीच जो समस्या आते थे ओ अब नही आएगी ।



## धूमधाम से मना प्रकाश पर्व, सिख समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**थानखम्हरिया।** नगर में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरु सिंह सभा द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। नगर की सड़कों पर भारत माता चौक, जयस्तंभ चौक और त्रिमूर्ति चौक से होकर निकली इस शोभायात्रा ने पूरे शहर को आध्यात्मिकता और भक्ति की भावना से सराबोर कर दिया।

■ गुरु नानक देव की जयंती पर अध्यात्म व भक्तिभाव से सराबोर रहा नगर

गुरु सिंह सभा के तत्वावधान में निकली इस शोभायात्रा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब को विशेष रूप से सजी हुई गाड़ी में विराजमान किया गया था। सिख धर्म के अनुयायी गुरु नानक देव जी की जय-जयकार और भजन-कीर्तन के साथ नगर कीर्तन करते हुए पूरे नगर में घूमे। रथ पर गुरु नानक देव जी की तस्वीर को बड़े आकर्षक फूलों से सजाया गया था, जो शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही।

**अग्रवाल समाज ने किया स्वागत :** अग्रवाल समाज के सदस्यों ने शोभायात्रा का पूरे श्रद्धा और सम्मान के साथ स्वागत किया। समाज के प्रमुख व्यक्तियों - मुकेश सिंघानिया, अनिल सिंघानिया, उज्वल सिंघानिया, विकास सिंघानिया, रमेश जैन और पुरुषोत्तम सिंघानिया ने सिख समाज के भाईयों को दुपट्टा भेंट कर उनका अभिनंदन किया। पूर्णिमा की रात में गुरु सिंह सभा में विशेष दीवान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कीर्तन, पाठ और भजन का आयोजन हुआ, जिसमें सिख समाज के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सिख समाज के प्रमुख सदस्य प्रताप सिंह छाबड़ा, जसबीर पसरीजा, अमरीक पसरीजा, इंद्रपाल पसरीजा, हितेंद्र पसरीजा, हनी पसरीजा, सिमरन छाबड़ा, सतबीर छाबड़ा, गुरुप्रीत छाबड़ा, मनदीप छाबड़ा, राहुल छाबड़ा, सुमित पसरीजा, रिंकल पसरीजा, राज पसरीजा, विनय सिंघानिया और नारायण सिंघानिया ने उपस्थिति दर्ज कराई।इस शोभायात्रा ने नगर में धार्मिक और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाया।

## आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर एवं पार्षद नीतू कोठारी की अगुवाई में विद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। विद्यालय की समस्त छात्राएं, स्टॉफ प्राचार्य कविता बाचपेयी के निर्देशन में छात्राओं ने पूरे विद्यालय परिसर एवम् सामने गार्डन की सफाई की। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी छात्राओं से स्वच्छता अपनाने, सफाई के प्रति जागरुक रहने व नगर को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। पार्षद नीतू कोठारी ने स्वच्छता में लगे सभी छात्राओं की प्रशंसा करते हुए, हर शनिवार स्वच्छता अभियान चलाने का अनुरोध किया एवम् विद्यालय को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य श्रीमती कविता बाचपेयी ने विद्यालय की स्वच्छता में स्वयं उपस्थित रह कर पूर्ण सहयोग व सुविधा प्रदान करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर एवं पार्षद नीतू कोठारी का आभार जताया।

## रानो स्कूल में बच्चों ने संविधान पर आधारित वॉलपेपर बनाए



**बेमेतरा।** शैक्षिक कैलेंडर 2024-25 में निर्देशित बैगलेस डे शनिवार विशेष में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो विकासखण्ड साजा की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बच्चों के साथ मिलकर संविधान के निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर का वॉलपेपर बनाया। जिसमें अम्बेडकर जी के चित्र, संविधान की निर्देशिका, विभिन्न न्यायालयों के चित्र एवं अम्बेडकर जी के जीवन की महत्वपूर्ण बातों को शामिल किया गया है। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से अम्बेडकर जी छुआछुत एवं सामाजिक भेदभाव की समस्या का सामना अपनी हिम्मत और शिक्षा के माध्यम से किए और निरंतर अपनी पढ़ाई करते हुए तथा छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीति का विरोध करते हुए हमारे भारतीय संविधान के निर्माता और लेखक बने। साथ में यह भी बताया कि हमारा भारतीय संविधान सबसे बड़ा लिखित संविधान है। हमें भी छुआछूत और भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाज से हटाने में अपना योगदान करना है। जो कि शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। इस कार्य में संस्था के शिक्षक अवध राम वर्मा एवं शिक्षिका कनकलता सरसुधे तथा बच्चों का विशेष सहयोग रहा।

## सिंघौरी स्कूल में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के लिए बच्चों को कराया गया अभ्यास




**बेमेतरा।** परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की परीक्षा का आयोजन आगामी माह 4 दिसंबर में होना है जिस पर तैयारी स्कूलों में कराए जा रही है, ताकि निर्धारित समय में प्रश्नों की समझ सही ढंग से हो। इसी संबंध में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में बस्ता मुक्त दिवस पर बच्चों को प्रोजेक्टर की मदद से प्रश्नों का अभ्यास संबंधित शिक्षकों द्वारा समझाया गया। देवेन्द्र साहू ने परख सर्वेक्षण के बारे में बताया कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण, छात्रों के आकलन और मूल्यांकन के लिए एक सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सिद्धांतों पर आधारित है। परख सर्वेक्षण के जरिए, छात्रों की योग्यता का आकलन किया जाता है। इसमें, छात्रों की आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान, और विश्लेषणात्मक कौशल पर ध्यान दिया जाता है। परख सर्वेक्षण के कुछ प्रमुख उद्देश्य ये हैं जिनमें सीखने के नतीजों की निगरानी करना, राज्य उपलब्धि सर्वेक्षण (एसएएस) और राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) का मार्गदर्शन करना, स्कूल बोर्डों को 21वीं सदी की कौशल ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करना,स्कूल बोर्डों के बीच सहयोग बढ़ाना,सभी स्कूल बोर्डों में शिक्षार्थियों के बीच शैक्षिक मानकों की समानता सुनिश्चित करना है।इस दौरान शाला में संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा सहित सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी ठाकुर, देवेन्द्र साहू, नूतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल एवं साजन वर्मा उपस्थित रहे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## जिले की नवाचारी शिक्षिकाओं को दिया गया कर्मवीर शिक्षक सम्मान

**बेमेतरा।** भगवान बिरसा मुंडा जयंती, गुरुनानक देव जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर समाज सेवी सँस्था आनंद सागर सेवा प्रवाह समिति बिलासपुर द्वारा कर्मवीर शिक्षक सम्मान का किया। जिसमें गिरिजा पटेल प्रधान पाठिका शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर, गायत्री जोगी प्रधान पाठिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राखी, राजकिरण मिश्रा शिक्षिका कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा, ममता गुरुपंच शिक्षिका कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बेमेतरा को कर्मवीर शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण नाथ दिवाकर वाजपेयी छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार के कुलपति डाँ विनय कुमार पाठक राजीव श्रीवास्तव तथा सस्था प्रमुख डा सुषमा पंडया के करकमलों से कर्मवीर शिक्षक सम्मान 2024 प्रदाय किया गया। सम्मान के लिये शिक्षकों का चयन एनजीओ की अध्यक्ष बाइक राइडिंग में वर्ल्ड रिकार्ड धारी डाँ सुषमा पंडया द्वारा किया गया। इन पुरस्कारों के लिए राज्य के उन शिक्षकों का चयन किया गया है जो लीक से हटकर काम करते हैं। गतिविधियों के आधार पर शिक्षण कार्य करते है। और अपने शिक्षण में नई नई प्राविधियों का उपयोग करते है। हमेशा बच्चों के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते है।












